# अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
# भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, गया।

पत्रांकः– .........................                                        /गया, दिनांकः–    /    /2023

प्रेषक,

अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया।

सेवा में,

मेसर्स बैजनाथ निर्माण इण्डिया प्रा0 लि0
पूर्वी गाँधी मैदान, जहानाबाद
पिन कोड– 804408

विषयः– **अरवल जिलान्तर्गत मंडल कारा, अरवल के निर्माण कार्य अनावश्यक रूप से लंबित रखने के संबंध में।**

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांकः– 96, दिनांकः– 27.01.2023, पत्रांकः– 686, दिनांकः– 08.05.2023 एवं कार्यापालक अभियंता, भवन प्रमंडल, अरवल का ज्ञापांकः– 318, दिनांकः– 25.04.2023 एवं ज्ञापांक 364, दिनांकः– 12.05.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र के संबंध में कहना है आपके द्वारा अरवल जिलान्तर्गत मंडल कारा, अरवल के भवन निर्माण कार्य का एकरारनामा सं0– 2SBD/2019-20, दिनांकः– 21.01.2020 को की गयी। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि 20.07.2021 थी, आपके द्वारा कार्य समाप्ति की तिथि 20.07.2021 तक के अवधि में योजना को पूर्ण नहीं किया गया एवं आदिनांक तक 01 वर्ष 09 माह का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात् भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्माण स्थल के निरीक्षण के क्रम में आपको कार्य में तीव्रता/पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया एवं बार–बार स्मारित किया गया एवं आपके द्वारा आश्वासन भी दिया गया, लेकिन आपके द्वारा कार्य को अनावश्यक रूप से एवं मनमाने ढंग से कार्य को बन्द रखा गया, जो अत्यन्त ही खेदजनक है।

ज्ञातव्य हो कि यह कारा विभाग की अति महत्वपूर्ण योजना है जिसका पर्यवेक्षण माननीय न्यायाधीश एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा निरंतरण किया जा रहा है एवं आपके द्वारा कराये जा रहे कार्यो के प्रति असंतोष व्यक्त किया जा रहा है।

अतः आपके द्वारा इस योजना के भवन निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नहीं करने एवं समय के अनुपात में निर्माण की प्रगति बहुत धीमी किये जाने के कारण SBD के सामान्य निर्देश की कंडिका 3.3 एवं 4.8 के तहत् किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(अनिल कुमार)
अधीक्षण अभिंयता,
भवन अंचल, गया।

ज्ञापांक :–                    गया/दिनांक :–    /    /2023

प्रतिलिपि :– संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/–
(अनिल कुमार)
अधीक्षण अभिंयता,
भवन अंचल, गया।

P.T.O

ज्ञापांक :– 751 गया/दिनांक :– 22/05/2023

प्रतिलिपि :– आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को Website पर प्रकाशन करने हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार)
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया।